सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-526
24/11/2018

खान एवं भूतत्व विभाग की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

पटना, 24 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में खान एवं भूतत्व विभाग ने बालू खनन एवं अन्य विभागीय विषयों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने बालू की बढ़ी हुई कीमतों के संबंध में विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जानना चाहा कि जुलाई 2017 के समय जो बालू की कीमतें थीं, उसकी तुलना में आज इतनी ज्यादा कीमतों की वजह क्या है। उन्होंने पूछा कि जिन्हें लीज दिया गया है, क्या वे अपने अधीन सबलीज देकर मनमाने दर पर बालू का विक्रय तो नहीं कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि बालू उपभोक्ताओं को बालू के लिये ज्यादा कीमतें न देनी पड़े, इसकी विस्तृत समीक्षा कर आगे के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जायें ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने इन सब चीजों पर माइक्रो लेवल पर समीक्षा करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओवरलोडिंग से सड़कों की हालत खराब हो रही है, इस पर प्रतिबंध का पालन भी सुनिश्चित किया जाय।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री विनोद कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, खान एवं भूतत्व विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती अंशुली आर्या, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पुलिस महानिदेशक (स्पेशल ब्रांच) श्री जे0एस0 गंगवार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव श्री असंगवा चुवाआवो, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित खान एवं भूतत्व विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******